BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# छुट्टियों में घर में रहकर आनंद लें! सिटी ऑफ ब्रैम्पटन इस सर्दी मुफ्त आभासी कैम्पस और वर्कशॉप्स पेश कर रही है

## *बच्चों के लिए वर्चुअल हॉलिडे कैम्पस और वर्कशॉप्स और बुजुर्गों को लिए वर्चुअल हॉलिडे वर्कशॉप्स के लिए अभी रजिस्टर करें*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (8 दिसम्बर, 2020) – शिल्पकारी करें और नए कौशल सीखें – 6 से 10 वर्ष के बच्चे और 55 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग, छुट्टियों के इस सीजन, अपने खुद के घरों में आराम से आभासी (वर्चुअल) वर्कशॉप्स में शामिल हो सकते हैं।

**6 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए वर्चुअल हॉलिडे कैम्पस और वर्कशॉप्स**

19 दिसम्बर से शुरू करते हुए, 6 से 10 वर्ष के बच्चे, वर्चुअल हॉलिडे कैम्पस और वर्कशॉप्स का आनंद ले सकते हैं, जो घर में आराम से की जाने वाली सुरक्षित, मज़ेदार गतिविधियां पेश करते हैं। मज़े करें और कैंडी केन साइंस प्रयोगों के साथ सीखें, गहने सजाएं।

हिस्सा लेने वाले, नए दोस्त बना सकते हैं, अपने सामाजिक कौशल बढ़ा सकते हैं, और अपनी उम्र के रियल-टाइम साथियों से बातचीत करते हुए, अपनी खुद की गति से रोमांचक प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकते हैं। इन गतिविधियों का नेतृत्व, WebEx का प्रयोग करते हुए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के प्रशिक्षित कैम्प इंस्ट्रक्टर्स द्वारा किया जाएगा।

सामग्रियां, प्रोग्राम शुरू होने से एक सप्ताह पहले, ग्रीनबायर रेक्रिएशन सेंटर (Greenbriar Recreation Centre) पर, कर्बसाइड पिक-अप (पगडंडी के किनारे से लेना) द्वारा लेने की जरूरत होगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान, हिस्सा लेने वाले, अपनी पसंद का सामग्री पिक-अप टाइमस्लट चुन सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए और रजिस्टर करने के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं या 311 पर फोन करें।

**55 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए वर्चुअल हॉलिडे वर्कशॉप्स**

17 दिसम्बर, 2020 और 5 जनवरी, 2021 को, 55 वर्ष से अधिक उम्र के बुज़ुर्गों को, सेरामिक्स और 3D मॉडल किटों और पेंट नाइट में, आभासी वर्कशॉप्स में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। गतिविधियों का नेतृत्व, WebEx का प्रयोग करते हुए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स द्वारा किया जाएगा।

सामग्रियां, प्रोग्राम शुरू होने से सप्ताह पहले, फ्लावर सिटी सीनियर्स रेक्रिएशन सेंटर (Flower City Seniors Recreation Centre) पर, कर्बसाइड पिक-अप के लिए उपलब्ध होंगी। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के दौरान, हिस्सा लेने वाले, अपनी पसंद का सामग्री पिक-अप टाइमस्लट चुन सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए और रजिस्टर करने के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं या 311 पर फोन करें।

**बच्चों के लिए छुट्टियों की घर-में की जाने वाली और गतिविधियां**

हॉलिडे क्राफ्ट किटें

सभी जूनियर शिल्पकारों का स्वागत है! ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation) के रेक एट होम (Rec At Home) प्रोग्राम के हिस्से के तौर पर, बच्चे मुफ्त में घर-में ही दो अतिरिक्त हॉलिडे गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। यह प्रोग्राम, हर उम्र के निवासियों के लिए, फिटनेस और क्राफ्ट ट्यूटोरियल्स का ऑनलाइन हब है।

बच्चे, कदम-दर-कदम ऑनलाइन ट्यूटोरियल्स का अनुसरण करके, घर-में दो हॉलिडे गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। रेडिमेड गतिविधि किट से खुद का बर्फानी बारहसिंगा या स्नो ग्लोब बनाएं। 19 दिसम्बर से शुरू करते हुए, सामान समाप्त होने तक, मुफ्त गतिविधि किटें, चुनिंदा आउटडोर रिंक्स पर कर्बसाइड पिक-अप के लिए उपलब्ध हैं। अपनी बनाई वस्तुएं सोशल मीडिया पर साझी करें और हमें @CityBrampton पर टैग करें। विवरणों के लिए www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

लघु आभासी गेम्स और गतिविधियां

6 से 10 वर्ष के बच्चे, 19 दिसम्बर से शुरू करते हुए, 45-मिनटों की मुफ्त इंटरएक्टिव, आभासी गेम्स और गतिविधियों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इनका नेतृत्व सिटी के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन गेम्स खेलें, स्कवेंजर हंट आदि में हिस्सा लें!
विवरणों के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

**हवाले**

“छुट्टियों के इस सीजन में घर में रहें और हमारे आभासी कैम्पस और वर्कशॉप्स के साथ इसका आनंद लें। बच्चे और और बुजुर्ग, सामाजिक संबंधों और हमारे प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स के साथ अपनी खुद की गति पर कौशल-निर्माण से भरपूर, इन अनुभवों का आनंद ले सकते हैं। मैं ब्रैम्पटन के बच्चों और बुजुर्गों को अभी रजिस्टर करने की सलाह देता हूं!”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“चाहे हम सामूहिक गतिविधियों के लिए व्यक्तिगत तौर पर इकट्ठे नहीं हो सकते, लेकिन बच्चे और बुजुर्ग, घर पर ही गर्म रहकर और सुरक्षित रूप से इन कैम्पों और वर्कशॉप्स में हिस्सा ले सकते हैं। गर्म कोको का कप बनाएं, शिल्पकारी करें और आनंद लें।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5 , सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“अब यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि हम घर में गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हम बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर में ही आनंद लेने के लिए, ये आभासी प्रोग्राम पेश करने को उत्साहित हैं। अपनी बनाई वस्तुओं की कुछ फोटो खींचें और सोशल मीडिया पर हमें, @CityBrampton पर टैग करें!”

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज; सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, इस सर्दी आपके घर में गतिविधियां ला रहा है। हमें बच्चों और बुजुर्गों के लिए, आभासी कैम्प और वर्कशॉप्स पेश करने पर गर्व है, ताकि वे अपने साथियों के साथ रचनात्मक तौर पर क्रियाशील होकर जुड़ सकें। हमारे इंस्ट्रक्टर, सुशिक्षित, दयालू और मज़ेदार हैं।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca